हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 5 अक्टूबर 2025

14 युवाओं ने गांव के विकास पर दिया जोर, सब स्टेशन...



16 पुलिस का उद्देश्य दमन नहीं, संवाद है अभी भी...





# बारिश में कच्चा मकान धराशायी परिवार के सदस्य बाल-बाल बचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶|बासनवाही

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम मुसुरपुट्टा में गुरुवार की देर रात

■ खबर मिलते ही प्रशासन का अमला पहुँचा, मदद का दिया आश्वासन

मूसलाधार बारिश के कारण एक कच्चा मकान अचानक धराशायी हो गया। हादसे के समय घर में एक ही परिवार के चार सदस्य सो रहे थे। सौभाग्यवश, समय रहते सभी सदस्य जाग गए और बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार



बीते पांच दिनों से क्षेत्र में लगातार तेज बारिश हो रही है, जिससे कई कच्चे मकानों की हालत जर्जर हो गई है। गुरुवार की रात करीब 2 बजे मुसुरपुट्टानिवासी संत राम साहू पिता बनवाली राम साहू का कच्चा मकान तेज बारिश की वजह से भरभराकर गिर पड़ा। मकान के अंदर सो रहे चारों परिजन तेज आवाज और मिट्टी गिरने की हलचल से जाग गए और फौरन घर से बाहर निकल ▶▶|शेष पेज 14 पर

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो घायल को किया हायर सेंटर रिफर

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 खरथा और गोलकुम्हड़ा मोड़ के पास पिकप वाहन की ठोकर से बाइक में सवार दो लोगो को चोट आई। बाइक सवार एक व्यक्ति को गंभीर चोट लगने के कारण चारामा के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम कोसुमपानी निवासी 37 वर्षीय ललित कल्लो पिता सरादु राम कल्लो ने पुलिस को बताया कि 29 सितंबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएम 1914 में अपने साथी घसिया राम नेताम पिता पिसाडु राम को बिठाकर सब्जी लेने चारामा के सब्जी मण्डी जा रहे थे। ग्राम खरथा एवं गोलकुम्हडा के बीच मोड़ के पास सुबह साढ़े 7 बजे विपरीत दिशा चारामा से खरथा की ओर आ रही पिकप वाहन क्रमांक सीजी 07 सीजेड 7403 के चालक द्वारा वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए मेरे मोटर सायकल ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मैं एवं मेरा साथी रोड पर गिर गए। गिरने से मुझे दाहिना घुटना एवं दाहिना हाथ की उंगली में चोट लगा एवं घसिया राम नेताम को दाहिना घुटना, कंधा, कोहनी एवं सिर में चोट आया। घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामवासियों के द्वारा 108 वाहन को बुलाकर इलाज के लिए सीएचसी चारामा लेकर गए। घसिया राम नेताम को गंभीर चोट लगने से हायर सेंटर धमतरी रिफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिकप वाहन क्रमांक सीजी 07 सीजेड 7403 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## सुखई में 10 को होगा रामायण पाठ

**दुर्गूकोंदल।** नव युवा गणेश उत्सव समिति और ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में सुखई में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक एक दिवसीय रामायण कार्यक्रम का आयोजन 10 अक्टूबर को होगा। समिति पदाधिकारियों बंसीलाल महावे, बज्जूराम कोमरा, शिवलाल कोमरे, दिनेश महावे, मेहतर आचला, मनोज जैन, संतलाल टाडिया, मोहन यादव, धर्म यादव, प्रकाश जैन, महेश यादव और घनश्याम कोमरा ने बताया कि तैयारी अंतिम चरण में है।

# मां दुर्गा की विदाई में महिलाओं ने सिंदूर खेला और मांगा सौभाग्य

**दुर्गुकोंदल।** नवजोत मां दुर्गा उत्सव समिति दुर्गुकोंदल द्वारा आयोजित 30 वें वर्षगांठ के अवसर पर नवरात्रि पर्व का भव्य आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। नौ दिनों तक चले इस आयोजन में ग्रामवासी, व्यापारी संघ, अधिकारी कर्मचारी, महिला ग्रुप और लेडीज ग्रुप ने संयुक्त रूप से सहभागिता निभाई। नवरात्रि पर्व के दौरान प्रतिदिन विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें रामधुनी, जसगीत, गरबा नृत्य, मानस गान, रामायण पाठ और अन्य भक्ति कार्यक्रम शामिल रहे। गांव की महिलाएं, युवा और बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए और मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया। नवरात्रि के दसवें दिन मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन से पूर्व दुर्गा मंच पर महिलाओं ने पारंपरिक सिंदूर खेला की रस्म निभाई। इस अवसर पर विवाहित महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर उनके चरणों में आशीर्वाद मांगा। मान्यता है कि यह परंपरा विवाहित महिलाओं के सौभाग्य और उनके पति की दीर्घायु के लिए शुभ मानी जाती है। इसी वजह



से सिंदूर खेला नवरात्रि के सबसे खास आयोजनों में से एक बन गया है। महिलाओं ने एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाकर जीवन में सौभाग्य, समृद्धि और शांति की कामना की। मां दुर्गा की विदाई का यह क्षण भावुकता और आस्था से भरा रहा, जहां श्रद्धालुओं की आंखें नम थीं लेकिन दिल में विश्वास था कि मां अगले वर्ष पुनः विराजेंगी। दुर्गा उत्सव के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरपंच शकुंतला नरेटी, उप सरपंच तामेश्वरी जैन, लेडीज ग्रुप की अध्यक्ष नीलम साहू, बागोमारानी विश्वास, सविता सेन, नंदिनी दीवान, हिरेश्वरी कोराम, उत्तर वारे समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहें।

# विजेता टीमें ट्रॉफी और नकदी से सम्मानित



**दुर्गुकोंदल।** ग्राम चिहरों में आयोजित राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सोमवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में कबड्डी की 45 टीमों और वॉलीबॉल की 20 टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों का जोश और जज्बा देखते ही बन रहा था। कबड्डी में प्रथम स्थान सितारा सोनपाल व द्वितीय स्थान चिहरों रहा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डांगरा बी की टीम व द्वितीय स्थान डांगरा ए की टीम को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पीलम नरेटी, अध्यक्षता ग्राम पंचायत चिहरों की सरपंच मीना दुग्गा, विशिष्ट ▶▶|शेष पेज 14 पर

BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116


AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113




APPROVED
BY TOWN & COUNTRY PLANNING
PCGRERA200423001628
www.rera.cgstate.gov.in
7 Wonder City
ग्रेटर रायपुर का रियल गोल्ड
प्रोजेक्ट जो हर मायने में है सबसे खास
प्रीमियम आवासीय प्लॉट, लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप
रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित, महादेव घाट के पास






7 वंडर सिटी | संपर्क: 7389900999
महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर
Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500003257 | IFSC CODE - YESB0000047 |
Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.)

मार्केटिंग एजेंट चाहिए
रियल एस्टेट के क्षेत्र में मार्केटिंग एजेंट बनकर सुनहरे भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं



जगदलपुर - बस्तर, भानपुरी, दंतेवाड़ा - गीदम, दंतेवाड़ा, किरंदुल, बचेली, बीजापुर, भोपालपट्नम, भांसी, सुकमा, कोंटा, कोंडागांव - नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, पखांजुर, कांकेर - नरहरपुर, कांकेर, चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, कोरर में मार्केटिंग एजेंट की आवश्यकता है।
मारुति इंफ्रा सिटी प्रा. लि. एक प्रतिष्ठित बिल्डर एवं डेवलपर फर्म है, जिसने 10 वर्षों में कई सफल प्रोजेक्ट्स दिये हैं। अपने बिजनेस के विस्तार के लिए हम प्रदान कर रहे हैं एक सुनहरा अवसर जिसमें आप हमारे मार्केटिंग एजेंट बन सुनिश्चित करें अपना एक सुनहरा भविष्य।
एलआईसी एजेंट, म्यूच्यूअल फण्ड एजेंट, रियल एस्टेट ब्रोकर, आर्थिक रूप से मजबूत, प्रतिष्ठित व्यक्ति जिनका खुद का व्यवसाय हो संपर्क करें:
मारुति इंफ्रा सिटी प्रा. लि.
Mob. 7974656799
02, सेकंड फ्लोर, कृष्णा कॉम्प्लेक्स, मेन रोड, शंकर नगर, रायपुर
Email: 7wondercitymarketing@gmail.com
7 Wonder City

# पंचायत पाऊरखेड़ा की ग्रामसभा में बाल विवाह को रोकने दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत पाऊरखेड़ा में ग्राम सभा की बैठक में पंचायत के सभी योजना, महिला बाल विकास विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, बच्चों की शिक्षा पर चर्चा हुई। सरपंच तुलसीराम मातलाम ने कहा कि हर पालक अपने बच्चों के शिक्षा के लिए ध्यान दें। ऐसे कोई भी माता पिता नहीं हैं, जो अशिक्षित हैं। वर्तमान समय में 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं तक सभी पालक पढ़े लिखे हैं। शिक्षा के महत्व को समझें। यह शिक्षा का युग है। जो अपने बच्चों को नहीं पढ़ाएगा, बच्चों के पढ़ाई पर ध्यान नहीं देंगे, वे सभी पालक पछताऐंगे। शिक्षा सबकी भविष्य बनाएगी। इसलिए पालक शिक्षा को ध्यान दें। खेती किसानी में भी ध्यान दें। अच्छी पैदावार करें। बच्चों को पालन पोषण और खान-पान पर ध्यान देने, बाल विवाह पर रोक लगाने, नशापान से दूर रहें। पुरूष नशबंदी पर ध्यान दें। प्रधानमंत्री आवास निर्माण समय सीमा पर पूर्ण करें। कृषि विभाग में कृषि यंत्र सब्सिडी, मत्स्य विभाग से तालाब, मछलीपालन, मनरेगा से तालाब, दुकानदारी के अन्त्यावसाई विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग से लोन मिलती है, आगे बढ़ें आर्थिक उन्नति करें। ग्रामसभा में बाल विवाह पर रोक लगाने वाटिनटोला और पाऊरखेड़ा के महिला पुरूषों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी सुन्दरलाल चुरेंद्र, सचिव गैंदलाल कुलदीप, रोजगार सहायक जागेश्वर कुलदीप, उपसरपंच रामजी पुड़ो, शिवनाथ नेताम, रामभरोस कुलदीप, हरिप्रसाद टांडिया, राजाराम पुड़ो, जागेश्वर पुड़ो, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमुना माहवे, श्यामा टांडिया, प्रेरक सावित्री कुलदीप, कौशिल्या टेमरे, संजय टांडिया, कलेश टांडिया,जयलाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में महिला पुरूष उपस्थित रहें।



## खबर संक्षेप

### दिनभर धूप-छांव का खेल चलता रहा,रुक-रुक कर वर्षा जारी रही

**जगदलपुर।** शनिवार को सुबह मौसम कुछ देर के लिए साफ था और आसमान खुलने से धूप निकली। सुबह 11 बजे के बाद एकाएक मौसम में बदलाव हुआ और आसमान में काले बादल मंडराने लगे। इसका प्रभाव बारिश में तब्दील हुआ। हालांकि अंचल में शनिवार को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक थोड़ी-थोड़ी देर में बूंदाबांदी तो कभी तेज बारिश होती रही। दोपहर 3 बजे के बाद आसमान फिर साफ हुआ और शाम 4 बजे धूप निकला। कुल मिलाकर आज दिनभर धूप-छांव का खेल जारी रहा। इधर मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के अनुसार पिछले पिछले 24 घंटों में छत्तीसगढ़ के सभी संभागों में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई, तथा एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा हुई। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 31.6सी दुर्ग में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.6सी दुर्ग में दर्ज किया गया। प्रदेश में दक्षिण बस्तर के बारसूर में सर्वाधिक 70 एमएम वर्षा दर्ज किया। जबकि अधिकांश स्थानों पर 3 सेमी से कम वर्षा दर्ज किया गया।
मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा उज्जैन,झांसी से होकर गुजर रही है। वही पश्चिमी झारखंड और दक्षिण बिहार,दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और उत्तरी छत्तीसगढ़ के आसपास के इलाकों में अच्छी तरह से चिह्नित निम्न दबाव शनिवार को 2.30 बजे आईएसटी पर उसी क्षेत्र में बना रहा। संबंधित चक्रवाती परिसंचरण अब समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। मौसम विज्ञानी के अनुसार इसके उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बिहार की ओर बढ़ने और अगले 12 घंटों के दौरान धीरे-धीरे कम दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर होने की संभावना है।

### उत्साहपूर्वक हुआ एकादशीय राज्याभिषेक राजा मेला

**कोण्डागांव।** ग्राम कुसमा में महान प्रतापी राजागुरु गुरूबालकदास साहेब के एकादशीय राज्याभिषेक राजा मेला का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से की गई। इस अवसर पर विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी मुख्य अतिथि रहीं, वहीं 100 गवा के समाज प्रमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। लता उसेंडी ने कहा कि अपनी संस्कृति और सभ्यता को संरक्षित रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं। यह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे। उन्होंने गुरुद्वारा निर्माण एवं राजा मेला के लिए भूमि आबंटन का आश्वासन भी दिया।

## निधन

### राजेंद्र कुलदीप

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम बरगांव निवासी राजेंद्र कुलदीप (52) बीमारी से ग्रसीत थे, जिनका 04 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम बरगांव में किया गया, जिसमें ग्रामवासी, रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।



## ग्रामसभा : पंचायत बैजनपुरी की विशेष ग्राम सभा में कई विषयों पर हुई चर्चा

# युवाओं ने गांव के विकास पर दिया जोर, सब स्टेशन निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बैजनपुरी में विशेष ग्राम सभा विभिन्न विषयों की जानकारी देते हुए पूरे गांव के लोगों ने विद्युत सब स्टेशन को जल्द पूरा करने की माँग किया। ग्राम पंचायत बैजनपुरी में 3 अक्टूबर को आयोजित विशेष ग्राम सभा के प्रभारी माखन नेताम की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमे ग्राम सभा के एजेंडा अनुरूप पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन एवं पालन प्रतिवेदन पंचायत के आय व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, पिछले वर्ष विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्यो का नाम प्राप्त राशि स्वीकृत राशि व्यय राशि एवं कार्यो की अद्यतन प्रगति का वाचन, मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवार द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराए गए रोजगार की स्थिति की समीक्षा, सामाजिक सहायता अंतर्गत पेंशन योजना, जन्म मृत्यु विवाह पंजीयन, मौसमी बीमारियों के निदान व निराकरण पर चर्चा, जागरूकता कार्यक्रम फैलाना, ग्राम पंचायतों के कर अधिरोपण एवं संग्रहण की प्रणाली ऑनलाइन करने पंचायत पोर्टल का उपयोग पंचायत के वर्तमान पद अधिकारियों तथा कर्मचारियों का लेखा हिसाब लेना अथवा बकाया राशि उनके नाम का वाचन, सड़को पर आवारा पालतू मवेशियों के कारण हो रहे दुर्घटना को रोकने एवं मवेशी से होने वाले फसल नुकसान के सम्बंध में सभी संभव उपायों एवं प्रभावी व्यवस्था की चर्चा सड़को पर मवेशी खुला छोड़ने पर छत्तीसगढ़ पंचायत राज्य अधिनियम की धारा 1993 के तहत जुर्माना शक्तिअधिरोपित करना, पीएआई के तहत पंचायत डेटा साझा करना, बाल विवाह मुक्त अभियान राष्ट्रीय पोषण माह पर चर्चा, अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में सहकारी समिति के सदस्य बनने तथा उनकी सेवाओ के लाभ उठाने के सम्बंध में चर्चा ग्राम सभा की गतिविधियों को जीपीडीपी पोर्टल में एंट्री की जानकारी दिया गया।



### प्रोत्साहन राशि की जानकारी दी

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कवाची द्वारा विभाग में संचालित केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजना एग्रिस्टेक योजना अंतर्गत किसान आईडी कार्ड पंजीयन धान बिक्री पंजीयन रकबा संशोधन नॉमिनी पंजीयन वारिसान पंजीयन कृषक उन्नति योजनाअंतर्गत धान के अलावा अन्य फसल लगाने वाले किसानों को डिजिटल फसल सर्वे गिरदावरी एंट्री के उपरांत एकीकृत किसान पोर्टल में लैम्पस के माध्यम से पंजीयन करने वाले किसानों को प्रति एकड़ दस से ग्यारह हजार प्रोत्साहन राशि देने की जानकारी दी। प्रधानमंत्री सॉइल हेल्थ कार्ड योजना पीएम सम्मान निधि योजना बीज उत्पादन योजना एवं आगामी रबी सीजन में चना गेहूं दलहन बीज सहकारी समिति में भंडारण एवं फसलों में लगने वाले किट व्याधि रोकथाम इत्यादि की जानकारी दी गई।

### पर्याप्त बिजली की आपूर्ति होगी

विद्युत विभाग के अधिकारियों को बैजनपुरी में स्वीकृत विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने मांग की गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित हो सके। विद्युत सब स्टेशन बन जाने से क्षेत्र के किसानो एवं ग्रामीणों को बिजली सप्लाई प्रयाप्त मिल सके। ग्रामीण एवं युवाओं ने ग्राम विकास के लिए चर्चा कर कार्य योजना बना कर जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने बात रखी गई। ग्राम सभा मे ग्राम सरपंच सतीश कुरेटी, उत्तम सिंहा, दुर्गा प्रसाद कैमरों, पुनेश चक्रधारी, जीवन सलाम, रामचंद गोडरा, अकबर बंजारे, दानेश्वर बंजारे, कामेश्वर सिंहा, किसान मित्र बीरेंद्र कुरेटी, पंचायत सचिव आसमनी ध्रुव, रोजगार सहायक सुल्ताना नेताम, पटेल, कोटवार विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारियों के अलावा बिहान संस्था के कर्मचारी एवं ग्रामीण की उपस्थिति रही।

## सेवानिवृत्त जवान के गांव लौटने पर ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखंड चारामा के ग्राम गीतपहर के सेना के जवान देव नारायण कोडोपी हवलदार ने 17 वर्ष की अवधि पूरी कर सेवानिवृत्त होकर घर लौटने पर परिजनों सहित ग्रामीणों ने जवान का भव्य स्वागत किया। उनके घर वापसी पर ग्रामीणों ने ग्राम जेपरा चौक पर उनका भव्य स्वागत किया, फूल मला पहनाकर स्वागत किया गया।

स्वागत के बाद जवान ने चौक पर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना किया, जिसके बाद जवान के स्वागत में ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल रैली निकालते हुए उन्हें ग्राम गीतपाहर तक ले गए, जहाँ हर जगह फूल मला से ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया, जिसके ग्राम में उनके सम्मान में सम्भोधन कार्यक्रम हुआ, जिसमे उन्होंने बताया कि वे भारतीय सेना के आर्मी एयर डिफेन्स में 2008 में ज्वाइन हुए और ट्रेनिंग ओडिशा गोपालपुर एएडी सेंटर में हुआ था, उसके बाद उनकी पहली पोस्टिंग पुणे देहु रोड 46 एडी रेजिमेंट में हुआ था। उसके चार साल बाद अगली पोस्टिंग राष्ट्रीय राइफल जम्मू में हुआ था, जिसमें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पडा, पूरी रात अंबुज में 4-5 दिन तक बैठना पड़ता था, जब तक मिलिटेंट का इंट नहीं मिल जाता था, उसके बाद टर्नओवर पूरा होने के बाद वापस 46 एडी रेजिमेंट में आए। उसके बाद बंगाल काकीनारा बेस वर्कशॉप में एक साल पोस्टेड रहे, फिर बड़ोदरा 46 एडी में वापस आये, फिर कन्याकुमारी कुडनकुलम पावरप्लान्ट में प्रोटेक्शन के लिए एक साल के लिए डिप्लाइ रहे। भुज में एक साल के लिए पोस्टेड रहे, फिर भुज से नवाग्राम बंगाल में थे, फिर 62 एडी बड़े हिसार में 3 साल यारी पे था, फिर वापसी भुज आया। भुज आने के बाद अभी 17 साल सर्विस पूरा करके सकुशल सेवानिवृत्त होकर आप समस्त क्षेत्र वासियों के असीम कृपा से घर वापिसी हुआ, इसके अलावा भारत देश के अन्य कई पोस्ट पर वे तैनात रहे। स्वागत के लिए उन्होंने ग्रामीणों और पूर्व सैनिक सेवा परिषद संघ का धन्यवाद दिया और कहा कि आगे वे समाज और गांव के सेवा के लिए कार्य करते रहेंगे।

## छात्र से की मारपीट व जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 31 चौक के पास गाड़ी को ओवर टेक करने की बात को लेकर आरोपी युवक ने टूयूशन से घर जा रहें छात्र की जमकर पिटाई कर दिया। मारपीट का शिकार हुए छात्र ने घटना की शिकायत पखांजुर थाना में किया। शिकायत पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ मामला पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया गया। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 31 हरिहरपुर निवासी 17 वर्षीय सुमन बैरागी ने पुलिस को बताया कि 3 अक्टूबर की शाम करीबन साढ़े 6 बजें पखांजुर से ट्यूशन पढ़ाई कर अपने घर पीव्ही 31 जा रहा था। ग्राम पीव्ही 31 चौक के पास मेनरोड पर पहुँचा था, वहाँ पर पीव्ही 28 निवासी विजय ढाली अपने मोटर सायकल को ओवरटेक कर रहा था और मेरे गाड़ी के सामने खड़ा कर दिया। मैं विजय ढाली को बोला कि मेरे गाड़ी के सामने अपने गाड़ी को क्यों खड़ा किए हो। उसी बात को लेकर विजय ढाली एवं उसका दोस्त जिसका नाम नहीं जानता हूं दोनों मिलकर गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मारपीट से मेरे नाक से खून निकलने लगा। आसपास में मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया और मेरे परिजनों को घटना की जानकारी दिया। छात्र की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विजय ढाली व एक अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।



## ग्रास रुट पर चर्चा के बाद ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष की करेंगे नियुक्त : उल्का




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर तथा ग्रामीण संगठन में जिलाध्यक्ष चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए शनिवार को आल इंडिया कांग्रेस कमेटी से नियुक्त पर्यवेक्षक व कोरापुट ओड़िशा के सांसद सप्तगिरि उल्का राजीव भवन में बंद कमरे में रायशुमारी की। उनके साथ प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी प्रेमसाय सिंह टेकाम एवं नोबल वर्मा भी शामिल थे। लंबे अर्से बाद शनिवार को कांग्रेस भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी रही। जिलाध्यक्ष बनने चार दावेदार अपने अपने समर्थकों को लेकर अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे रहे। एआईआइसीसी आब्जर्बर सप्तगिरि उल्का जिलाध्यक्ष नियुक्त के लिए बंद कमरे में 15 से 20 वरिष्ठ कांग्रेसियों से रायशुमारी की। इस दौरान सभी से वन-टू-वन नए जिलाध्यक्ष के लिए उनके पसंद का नाम पूछे। विदित हो कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी में 4 केंडिटेट जिलाध्यक्ष की दावेदारी कर रहे है। इनमे वर्तमान जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य समेत अनवर खान, हेमू उपाध्याय एवं संतोष यादव सम्मलित है। जबकि ग्रामीण जिलाध्यक्ष के लिए वर्तमान जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला सम्मलित है।

## जुआ-शराब विवाद में चारभाठा में मारपीट दो पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम चारभाठा में दो पक्षो में विवाद हो गया। विवाद धीरे धीरे मारपीट में बदल गया व दोनो पक्ष के द्वारा एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। पहले पक्ष ने बताया कि वह घर में पार्टी रखा था उसी दौरान मारपीट हुआ। वही दूसरे पक्ष ने पुलिस को बताया कि तास पत्ती खेलने के दौरान शराब पीने की बात को लेकर विवाद हुआ। दोनो पक्ष की बात सुनकर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे चारभाठा निवासी संतोष राठौर पिता प्रकाश राठौर ने पुलिस को बताया कि मै अपने घर में छोटा सा पार्टी रखा था। मै 3 अक्टूबर को अपने दोस्त के साथ अपने घर में था। तभी रात साढ़े 11 बजें आरोपी दीपक सिन्हा मेरे घर में आकर गाली देने गला। गाली देने से मना करने के बाद भी नही माना और घर के सभी सदस्य के साथ मारपीट करने लगा। घर में मौजूद लोगो ने मारपीट को देखकर छुड़ाए।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दीपक सिंहा के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। दूसरे पक्ष से शिकायत करने पहुंचे चारभाठा निवासी 26 वर्षीय दीपक सिन्हा पिता सुन्दरलाल सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 3 अक्टूबर को संतोष राठौर घर में तास खेलने को बुलाया था। मेरे अलावा डिकेश देवांगन, लोकनाथ चौहान सबको बुलाया था। बुलाने पर मै तास के 52 पत्ती का खेल खेला। खेलने के बाद संतोष द्वारा शराब की बात को लेकर लड़ाई झगड़ा करने लगा। कुछ देर बाद संतोष राठौर की पत्नी एवं उनकी मां भी मेरे साथ छीना झपटी करने लगे और संतोष मेरे गला को पकड़कर मारपीट करने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी संतोष राठौर के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।



## भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलशयात्रा

**चारामा।** ग्राम आंवरी में 04 अक्टूबर से आयोजित भव्य संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के कथावाचक आचार्य पंडित रामानुज युवराज पाण्डेय का ग्रामवासी अंवारी सहित चारामा और आस पास के ग्रामीणों ने राम जानकी मंदिर चौक पर भव्य स्वागत किया, उनके स्वागत में ग्राम की सीमा से कलश शोभा यात्रा निकालकर उन्हें आयोजन स्थल तक ले जाया गया, जिसके बाद कथावचक रानी माई मंदिर आंवरी पहुंचे, जहाँ उन्हेंने माता जी की पूजा अर्चना किया। पहले दिन देरी के कारण कथा नहीं हो पायी, दूसरे दिन से प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से 05 बजे तक कथा होंगी। उनके स्वागत में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी भी उपस्थित रही।



## पेज 13 के शेष...

### विजेता टीमें ट्रॉफी...

अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम व अन्य उपस्थित रहें।

### बारिश में कच्चा...

आए। हालांकि सभी की जान बच गई, लेकिन मकान के अंदर रखा सारा घरेलू सामान और राशन सामग्री मलबे में दबकर नष्ट हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत के सरपंच दिलीप अरकरा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को तात्कालिक राहत देने की बात कही। उन्होंने राशन सामग्री और अन्य आवश्यक सहायता मुहैया कराया है। घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। पटवारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया गया है। राजेश कलिहारी, भुवन भारती भोलाराम साहू एवं ग्रामीणों का कहना है कि यदि कुछ ही पल की देरी होती तो यह हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। इसके साथ ही ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि लगातार हो रही बारिश को देखते हुए गांव के अन्य जर्जर मकानों की तुरंत जांच कराई जाए और जरूरतमंदों को मुआवजा, राहत सामग्री तथा वैकल्पिक आवास की सुविधा तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

हर संभव किया जाएगा मददः जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेणुकुमार सुखदेव ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया और पीड़ति परिवार को हर सम्भव सहायता करने की बात कही।

## एनएनएमडीसी डीएव्ही आईटीआई नगरनार में मनाया गया कौशल दीक्षांत समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को मेडल दिया गया

एनएमडीसी डीएव्ही आईटीआई नगरनार में सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेनू बघेल, सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत नगरनार तथा संस्था के प्राचार्य अभिषेक पवार द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती माता के चलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गईं। इसके पश्चात मेसन तथा वेल्डर ट्रेड के समस्त उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को एनटीसी एवं अंकसूची प्रदान कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को मेडल प्रदान किया गया। इसी कड़ी में युवराज हुमने ने 96.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेसन ट्रेड में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करके संस्था का गौरव बढ़ाया, संस्था द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहन राशि भी पुरस्कार के रूप में दी गई। मुख्य अतिथि रैनू बघेल ने अपने उदबोधन में प्रशिक्षणार्थियों से अपने अनुभवों का साझा करते हुए अनुशासन एवं लगन के साथ कड़ी मेहनत कर जीवन में सफलता प्राप्त करने की बात कही। संस्था के प्राचार्य अभिषेक पवार ने प्रशिक्षणार्थियों को आईटीआई कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी, उन्होंने तकनीकी शिक्षा के महत्व को समझाते हुए संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।



## स्वदेशी व उद्यमिता का पाठ सभी विद्यार्थी पढ़ें : सतीश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को विकसित छत्तीसगढ़ में स्वावलंबी बस्तर की भूमिका विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में यूटीडी के अतिरिक्त विवि से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन, प्रशिक्षण एवं रोजगार अवसरों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विवि और स्वावलंबी भारत अभियान के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए।कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विवि से प्रतिवर्ष स्नातक व स्नातकोत्तर के करीब 25 हजार स्टूडेंट्स उत्तीर्ण होते हैं। इनमें से कम से कम दस फीसद स्टूडेंट्स को स्वरोजगार व स्टार्टअप से जोड़ने का प्रयास है। विद्यार्थी पाठ्यक्रम के साथ इंक्यूवेशन से भी जुड़े ताकि वे स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन कर सकें। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश हमारी आवश्यकताओं को मजबूरी समझ आर्थिक व्यवहार करते हैं। स्वदेशी के माध्यम से हम आर्थिक व्यापार की कमियों की पूर्ति कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### ग्राम सभाओं के माध्यम से शुरू हुआ विजन 2030 का मार्ग



**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर सुकमा जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर ग्राम सभाओं का सफल आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में ग्राम कार्ययोजना का वाचन कर सर्वसम्मति से ग्राम विकास से संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए। इन सभाओं में ग्रामीणों के साथ ग्राम स्तर के कर्मचारी, जिला स्तरीय अधिकारी, वॉलेंटियर्स, आदि सहयोगी एवं आदि साथी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। विदित हो कि केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य चिन्हांकित जनजातीय बहुत ग्रामों में सभी की सहभागिता से विजन 2030 को साकार करना है। ग्राम स्तर पर पारित योजनाओं को आगे ब्लॉक व जिला स्तर पर क्रियान्वित कर आवश्यकतानुसार कार्यों को स्वीकृति दी जाएगी। इसके माध्यम से ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति कर सतत विकास के लक्ष्य हासिल किए जाएंगे।

### कलेक्टर ने निर्माण कार्यों का जायजा लिया

दंतेवाड़ा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज किरंदुल में निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल भवन, बालक एवं बालिका छात्रावास, मेस भवन, स्टाफ व सर्वेंट क्वार्टर, बाउंड्री वाल और पहुँच मार्ग सहित चल रहे कार्यों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि स्कूल भवन को अक्टूबर तक प्लिंथ बीम स्तर तक हर हाल में पूरा किया जाए। इसी तरह बालिका छात्रावास का भूतल स्लैब भी अक्टूबर माह तक पूरा हो और मेस भवन का ग्राउंड फ्लोर तथा सर्वेंट क्वार्टर का प्रथम फ्लोर शीघ्र निर्मित हो।

# युवाओं से राष्ट्र सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर बचेली मंडल शुक्रवार को एक अभूतपूर्व आयोजन का साक्षी बना। विजयादशमी के पावन पर्व पर नया बस स्टैंड परिसर में आयोजित इस भव्य उत्सव में शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की त्रिवेणी देखने को मिली, जहाँ सैकड़ों स्वयंसेवकों और गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4 बजे एक अनुशासित और भव्य पथ संचलन से हुआ। पूर्ण गणवेश में सजे स्वयंसेवकों के कदमताल और भारत माता की जय के नारों से, नगर का वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। यह संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जहां नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संचलन के समापन के पश्चात, शाम 5 बजे विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया गया, जो अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है।





इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्णेंद्र सिन्हा, प्रांत सह मंत्री, विश्व हिंदू परिषद, छत्तीसगढ़ ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक विचार है जो व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का लक्ष्य रखता है। आज जब संघ अपनी शताब्दी मना रहा है, तो यह हर स्वयंसेवक के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान किया।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में राजनीतिक क्षेत्र की भी सशक्त भागीदारी रही। भाजपा मंडल अध्यक्ष के अगुवाई में, मंडल के सभी भाजपा पदाधिकारी, पार्षद, विभिन्न मोर्चा और प्रकोष्ठों के सदस्य एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। उनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी व्यापक स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बचेली के नगर प्रमुख को जाता है, जिन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाया। यह आयोजन न केवल संघ के शताब्दी वर्ष का उत्सव था, बल्कि बचेली के सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में एक मील का पत्थर भी साबित हुआ।

# गांधी व शास्त्री का सादगी भरा जीवन आज भी भारत वासियों के लिए आदर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल




मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक शाखा किरंदुल के तत्वाधान में यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में श्रम संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों के द्वारा 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई ।

कार्यक्रम की शुरुआत सद्भावना पदयात्रा के माध्यम से किया गया जो कि नगर के गांधीनगर से प्रारंभ कर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए श्रमिक सदन इंटक भवन बस स्टैंड में सद्भावना पदयात्रा का समापन किया गया। सद्भावना पद यात्रा गांधी नगर किरंदुल से प्रारंभ कर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए इंटक भवन पहुंचा जिसमें श्रम संघ के पदाधिकारी, सदस्यों, नगरपरिवार ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए एवं नगर के पांच स्कूल जिसमें बी आई ओ पी हायर सेकंडरी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, डीए व्ही पब्लिक स्कूल, प्रकाश विद्यालय, शासकीय स्कूलों के छात्र, छात्राओं ने सद्भावना पदयात्रा में भाग लेकर देश भक्ति की भावना को सरोकार करते हुए गांधी जी, शास्त्री जी के आदर्शों को जीवन में उतार कर देश के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिए। इसके पश्चात श्रमिक सदन इंटक भवन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक बीआईओ एम किरंदुल काम्प्लेक्स रविन्द्र नारायण जी के करकमलों से ध्वजारोहण और महात्मा गांधी जी तथा पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के प्रतिमा, छाया चित्र पर माल्यार्पण के साथ साथ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों से दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।

नगर परिवार के स्कूली बच्चों ने नृत्य के माध्यम से सरस्वती वंदना की , इस मनमोहक सुंदर प्रस्तुति को उपस्थित दर्शकों ने बहुत सराहना की। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक के सचिव ए. के . सिंह ने मंचासिन अतिथियों एवं समस्त उपस्थित गणमान्य भाईयों बहनों का स्वागत अभिनन्दन करते हुए स्वागत उद्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी तथा भूतपूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री का सादगी भरा जीवन एवं नेतृत्व आज भी भारत वासियों के लिए आदर्श है उनके मार्ग पर चल कर तथा उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर एक बेहतर समाज तथा मजबूत राष्ट्र के निर्माण करने में योगदान दे सकते हैं। सर्व धर्म समभाव के माध्यम से मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक ने सभी धर्मों के प्रति सम्मान की भावना दिखाई और लोगों को सीख दी कि, भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, यहां सभी धर्म समान है तथा सभी एक ही गंतव्य की ओर ले जाते हैं। इस अवसर पर राघव मंदिर के प्रधान पुजारी, जामा मस्जिद के मौलवी, चर्च के पादरी उपस्थित थे, समस्त धर्म गुरु का प्रेरणादायक ज्ञानमार्गी संदेश से उपस्थित दर्शक ओतप्रोत हुए सभी का एक ही आशय रहा कि राष्ट्र हित में राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं भाईचारा हमेशा बनाए रखना है। उपरोक्त अवसर पर मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक रविन्द्र नारायण ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विजय दशमी दशहरा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहे कि महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जैसे अनेकों देश सेवक नेताओं ने राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना से अनेकों अच्छे अच्छे कार्य किए जिसके कारण आज भी हमारे देश में विभिन्नता के पश्चात भी एकता एवं सामाजिक समरसता बनी हुई है ,आगे भी हमारे देश के महान नेताओं के आदर्शों का पालन हम सबको करना चाहिए। महात्मा गांधी ने अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलते हुए पूरे देश को इस आंदोलन में शामिल होने के लिए आह्वान किया और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने किसान की जय हो और जवानों की जय हो का नारा किसानों और जवानों का मनोबल बढ़ाने के किया।

# केंद्र सरकार पर्यावरणविद वांगचुक को निशर्त रिहा करे : ठाकुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पर्यावरणविद सोनम वांगचुक को एनएसए के तहत गिरफ़्तार किया गया है। वांगचुक की गिरफ्तारी का सर्व आदिवासी समाज कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने बताया कि सोनम वांगचुक की निशर्त रिहाई के लिए राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री के नाम पूरे देश प्रदेश में आज सभी जिला ब्लॉक में ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय नेतृत्व ने दशकों से लद्दाख को छठी अनुसूची के तहत विशिष्ट संवैधानिक संरचनाएं जैसे स्वायत्त जिला परिषद प्रदान करने तथा पूर्ण राज्य का दर्जे की मांग की है।

पर्यावरणविद् एवं समाजसेवी सोनम वांगचुक की हिरासत और उन पर लगाए गए दमनकारी आरोपों को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

लद्दाख के लेह शहर में हुए प्रदर्शन के दौरान 24 सितंबर को सुरक्षा बलों की गोलीबारी में चार नागरिक शहीद हो गए। इस घटना की उच्च-स्तरीय, स्वतंत्र और समयबद्ध न्यायिक जांच होनी चाहिए। स्थानीय बार एसोसिएशन और विभिन्न राजनीतिक नेता भी चार निहत्थे नागरिकों की हत्या की निष्पक्ष जांच की मांग कर चुके हैं।

सोनम वांगचुक के नेतृत्व में चल रहा आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और संविधान सम्मत है। पिछले वर्षों में लद्दाख के नागरिक सड़कों पर शांतिपूर्ण रैलियां और भूख हड़ताल करके राज्य का दर्जा और संवैधानिक सुरक्षा की माँग करते रहे हैं। इस प्रकार के लोकतांत्रिक आंदोलनों को दबाना और चिह्नित कर देशद्रोही कहना संविधान की मौलिक भावना के खिलाफ है।

# कलेक्टर ने किया कुआकोंडा पूरक पोषण आहार उत्पादन केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को कुआकोंडा स्थित दंतेश्वरी स्वसहायता समूह द्वारा आगामी संचालित पूरक पोषण आहार उत्पादन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में रेडी-टू-ईट आहार निर्माण की प्रक्रिया को बारीकी से समझा और महिला समूह की सदस्याओं से पूरे उत्पादन तंत्र की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उत्पादन इकाई में सुरक्षा और साफ-सफाई के उच्चतम मानकों का पालन होना चाहिए, ताकि यहां तैयार होने वाला पूरक पोषण आहार गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित हो। कलेक्टर ने मशीनों की स्थिति का भी अवलोकन किया और डिस्टोनर, रोस्टर सहित अन्य उपकरणों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

कलेक्टर दुदावत ने उत्पादन केंद्र परिसर में पौधारोपण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि यूनिट में निर्माण प्रक्रिया को फ्लो चार्ट और बैनर के रूप में प्रदर्शित किया जाए, ताकि हर सदस्य को इसकी स्पष्ट जानकारी हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि उत्पादन इकाई में लगातार तीन दिनों तक ट्राई रन किया जाए तथा निर्माण के दौरान तापमान नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



शासकीय नवीन महाविद्यालय कोण्टा में सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान गांधी और शास्त्री के जीवन, उनके विचारों एवं आदर्शों को श्रद्धा के साथ स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सत्य, अहिंसा, सादगी और सेवा की भावना ही राष्ट्रनिर्माण का आधार है। इस अवसर पर उपस्थित जनों को उनके बताये मार्ग पर चलने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प दिलाया गया। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी. सुरेश बाबु, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो प्रो. शशिकान्त ध्रुवे सहित अतिथि व्याख्याता मुकेश कुमार पटेल, मोहनीश बघेल, चांदनी मरकाम एवं रोहिणी चौरे सम्मिलित रहे।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ ने धूमधाम से मनाया नवरात्र महापर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शारदीय नवरात्र पर्व गायत्री परिवार ने धूमधाम के साथ मनाया। पूरे 9 दिनों तक विभिन्न धार्मिक पूजा अनुष्ठान किया गया।

प्रज्ञा पीठ बस्तर में गायत्री परिवार एवं स्थानीय साधकों के द्वारा गायत्री महायज्ञ कर हवन का धार्मिक आयोजन किया गया। जिसमें सम्मलित गायत्री परिवार के श्रद्धालुओं ने आहुति दी। ततपश्चात महाभंडारी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र वासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। जीवन निर्माण के महत्वपूर्ण सूत्रों के साथ गायत्री परिवार ने बताया कि जीवन को श्रेष्ठ कार्यों में लगा देना मां गायत्री और मां दुर्गा की श्रेष्ठ साधना है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन से शंभू नाथ नाग और ज्ञान प्रकाश की टोली के द्वारा किया गया। गायत्री परिवार विकासखंड समन्वयक सुधु राम कश्यप एवं गायत्री प्रज्ञा पीठ मंदिर संचालिका वेदवती ध्रुव एवं सुषमा सिंहा अनीता ध्रुव, मंगल भारद्वाज,नंद किशोर झा,जितेंद्र सोरी,ललीता मंडावी रामबती मौर्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

### संगठन सृजन अभियान प्रभारी व सह प्रभारियों की हुई बैठक



**घाटलोहंगा।** संगठन सृजन अभियान के प्रभारी सीताराम लांबा एवं सह प्रभारी जयसिंह अग्रवाल, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल तथा सफी अहमद रायगढ़ पहुंचे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित बैठक में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का उद्धेश्य कांग्रेस पार्टी की जड़ों को और मजबूत करना है इस अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान कर जन-जन तक कांग्रेस की विचारधारा पहुँचाई जाएगी।

# माता रानी के विसर्जन शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा







त्रिवेणी संगम और शबरी नदी के पावन तट पर बसा श्रीश्रीश्री माणिकेश्वर की नगरी कोंटा रात माता रानी के विसर्जन शोभा यात्रा में भक्ति और श्रद्धा के रंगों से सराबोर रहा। 69वें शारदीय नवरात्र महोत्सव के समापन अवसर पर नगर के हर कोने से हजारों श्रद्धालु जय माता दी के उद्घोष के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए।

डांडिया नृत्य, देवी झांकियाँ, डीजे की धुन और रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा नगर देवमय बना रहा। चार राज्योंछत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। माता रानी की प्रतिमा जब श्री माणिकेश्वर शिव मंदिर से निकली, तो नगर का हर मार्ग भक्ति भाव से झूम उठा।

- भक्ति और उल्लास से गूंजा नगर, 69वें शारदीय नवरात्र का हुआ समापन

रात्रि 12 बजे शबरी नदी में माता रानी का विसर्जन किया गया। इसके बाद मंदिर प्रांगण में रावण वध का रोमांचक दृश्य हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

आंध्र प्रदेश से मंगवाई गई भव्य आतिशबाजियों की गूंज और आसमान में चमकते रंगों ने रात को यादगार बना दिया। विसर्जन शोभा यात्रा में तितलागढ़ (ओडिशा) के कलाकारों की नृत्य प्रस्तुतियाँ, काली माता टूप की अद्भुत झलकियाँ और भगवान के विविध स्वरूपों की झांकियाँ लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहीं थीं। नगर में ऐसा आलौकिक दृश्य बना कि चारों दिशाओं से केवल "जय माता दी" की प्रतिध्वनि सुनाई दे रही थी।

### कोंटा का दशहरा बना चार राज्यों की आस्था का संगम

कोंटा का दशहरा अब केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि चार राज्यों की संस्कृति और भक्ति का मिलन स्थल बन चुका है। शबरी तट पर माता रानी के विसर्जन के क्षणों में जब आसमान में आतिशबाजी और नदी में दीपों की लौ एक साथ चमकी, तो दृश्य ऐसा था मानो पूरा कोंटा देवभूमि बन गया हो। यह पर्व केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और परंपरा की पहचान बन चुका है। 69 वर्षों से सतत जारी यह आयोजन बताता है कि आस्था की जड़ें कितनी गहरी हैं और कोंटा की भूमि अब भी उतनी ही पवित्र है जितनी उसके आरंभिक दिनों में थी। भक्ति,अनुशासन और जनसहभागिता का यह संगम आने वाले वर्षों में कोंटा को प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक केंद्र बना सकता है।

### कोंटा बना सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक

कोंटा का शारदीय नवरात्र महोत्सव अब केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आस्था और एकता का प्रतीक बन गया है। लगभग सात दशक पूर्व जब कोंटा एक छोटा कस्बा था, तब पुरानी बस्ती (वार्ड 14 और 15, कोल्हुपारा) में श्रद्धालुओं ने इस परंपरा की नींव रखी थी। तब झांकी केवल तीन बैलगाड़ियों में निकलती थी और गांव के लोग अपनी मेहनत और भक्ति से माता रानी के स्वरूप को साकार करते थे। आज, समय के साथ आधुनिकता आई है, लेकिन श्रद्धा वैसी ही अटल बनी हुई है। पिछले एक दशक से नगर में 11 ट्रैक्टरों पर सजी भव्य झांकियाँ निकलती हैं, जिन्हें देखने के लिए 100 किलोमीटर तक से श्रद्धालु आते हैं। कोंटा का दशहरा अब बस्तर नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण छत्तीसगढ़ का आध्यात्मिक केंद्र बन चुका है।

### सुरक्षा के मोर्चे पर पुलिस की सजगता रही सराहनीय

चार राज्यों से उमड़ी भीड़ और राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच पर लगातार यातायात के बीच पुलिस प्रशासन ने अभूतपूर्व व्यवस्था बनाई। हर प्रमुख चौराहे और मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कोंटा के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं मैदान में उतरकर ट्रैफिक को नियंत्रित किया ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन में कोई असुविधा न हो।कोंटा पुलिस की सर्तकता के चलते पूरी शोभा यात्रा शांति और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। एनएच-30 पर वाहनों का सुचारू संचालन, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था को लोगों ने खूब सराहा। स्थानीय नागरिकों ने भी कहा कि इस वर्ष की पुलिस व्यवस्था अब तक की सबसे बेहतर रही।

### बच्चों को जीवन विकास की छोटी छोटी बातों को समझाया

**गीदम।** ओसवाल जैन संघ के तत्वाधान में 5 दिवसीय आवासीय शिविर शरणम का आयोजन 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आचार्य 1008 रामलाल मसा की सुशिष्या सुयशा जी आदि ठाणा 4 के सानिध्य में किया गया। जिसमें गीदम, तोंगपाल, सोनारपाल के 53 बच्चों ने भाग लिया। पूज्य मसा ने अथक पुरुषार्थ करके बच्चों को जीवन विकास की छोटी छोटी बातों को समझाया और अध्यात्म से जोड़ने का प्रयास किए।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप



### बुजुर्ग महिला की लाठी से पिटाई, अपराध कायम

**कांकेर।** शराब के नशे की हालत में महिला ने बुजुर्ग के साथ डंडे से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मारपीट से बुजुर्ग महिला को चलने में काफी परेशानी होने लगी। पीड़ित बुजुर्ग महिला की हालत को देखकर नाती ने आरोपी महिला के खिलाफ चारामा थाना में शकायत दर्ज कराया। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे चावड़ी निवासी पोखन लाल पिता गिरधारी लाल साहू ने पुलिस को बताया कि 3 अक्टूबर को मेरी दादी मां हमारे घर में बैठी थी। कि मेरे पिता की दूसरी पत्नी अहेलिया साहू शराब के नशे में मेरी 81 वर्षीय दादी मां कुंजबत्ती साहू को लाठी से खूब पिटाई कर दिया। मारपीट से दादी को य दर्द हो रहा है और शरीर में चोट आने के कारण चलने में तकलीफ हो रही है। आरोपी अहेलिया साहू द्वारा आए दिन शराब पीकर गाली-गलौच करती रहती है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अहेलिया साहू के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**अपील : रावस व आमापानी के ग्रामीणों से किया संवाद, ग्रामीणों का बढ़ाया हौसला**

# पुलिस का उद्देश्य दमन नहीं, संवाद है अभी भी समर्पण का है मौका : कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नक्सल गाँव में अचानक पहुँचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, शांति, विकास और विश्वास की होगी पुनर्स्थापना



तिरियारपानी में इनकाउंटर होने के उपरांत ग्रामीणों से संवाद करने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रावस व आमापानी का दौरा किया। ग्रामीणों से संवाद किया और नक्सलियों का मूवमेंट के दौरान किस तरह की गतिविधियाएं थी, उसकी भी हकीकत को जानने का प्रयास किया। इनकाउंटर के बाद ग्रामीणों की सोच क्या है, इसे जानने का प्रयास वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने किया और ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि अब आपकी सभी समस्याओं का निराकरण होना तय है।

नक्सल प्रभावित इलाकों में विश्वास बहाली और जनता से संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शनिवार 4 अक्टूबर को औचक रूप से रावस और आमापानी गांवों का दौरा किया। यह क्षेत्र लंबे समय से नक्सली गतिविधियों के प्रभाव में रहा है, जहाँ सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ने के बावजूद ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता था। एसएसपी का यह दौरा ग्रामीणों में पुलिस के प्रति भरोसा जगाने और नक्सल विरोधी मुहिम को जन-सहयोग से सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जाना तय है। तिरियारपानी में इनकाउंटर के बाद ग्रामीण भी दहशत में थे, उसका बड़ा कारण यह था कि तीन घंटे तक गोलियों की आवाज इन ग्रामीणों के कान में गूंजती रही। ऐसी आवाजें ग्रामीणों ने कभी नहीं सुनी थी। ग्रामीणों में उसी दिन से यह चर्चा है कि हमारे ईलाके में फोर्स का मूवमेंट हुआ, हम लोगों को आभास नहीं हो पाया। इनकाउंटर के बाद जवान जब उतरे, तब पता चला कि जंगल में इतना फोर्स था। दो दिनों तक ग्रामीण इस विषय पर किसी भी बाहरी व्यक्ति से किसी भी तरह से बात करने को तैयार नहीं थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने सबसे पहले शुरूआत होने वाले सरोना थाना का निरीक्षण किया और उसमें जो खामी मिली, उसे ठीक करने निर्देशित किया और दहशत को कम करने के लिए औचक ठेमा, रावस और आमापानी पहुँच गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कई घरों में रूके और घर के मुखिया और अन्य सदस्यों से सीधा संवाद किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इस ईलाके में नक्सल गतिविधियों पर जानने का प्रयास किया, परंतु ग्रामीण कुछ बोले नहीं, परंतु केवल सुनते रहे। सामान्यतया अंदरूनी ईलाके के ग्रामीण पहली मुलाकात में बहुत ज्यादा बात नहीं करते, केवल सुनते रहते है। खुलकर बात करने के लिए भी डरते है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की यह औचक यात्रा केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि भावनात्मक पहल थी। इससे यह संदेश स्पष्ट गया कि शासन और पुलिस जनता के बीच की दूरी मिटाने के लिए तत्पर हैं। रावस और आमापानी जैसे गांवों में संवाद और सहयोग की यह शुरुआत न केवल नक्सलवाद के विरुद्ध एक नई रणनीति है, बल्कि शांति, विकास और विश्वास की पुनर्स्थापना का प्रतीक भी बनेगी।

### गांव में पहुंचते ही ग्रामीणों से सीधा संवाद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपने दल-बल के साथ रावस शनिवार को दोपहर बाद ठेमा, रावस व आमापानी पहुंचे। बिना किसी पूर्व सूचना के इस औचक यात्रा से ग्रामीण पहले तो चौंक गए, परंतु जब एसएसपी ने आत्मीयता से उनका अभिवादन किया और ग्रामीणों के घर की देहरी में बैठकर बात शुरू किया, धीरे-धीरे ग्रामीण भी सहज हो गए। एसएसपी ने गग्रामीणों से जानना चाहा कि आपको सुरक्षा की दृष्टि से क्या कठिनाइयाँ हैं, क्या गांव में स्कूल, सड़क और स्वास्थ्य की सुविधा सुचारु है, क्या किसी नक्सली संगठन के दबाव में आकर गांव वाले कोई कार्य करने को विवश हैं। ग्रामीणों ने भी खुले मन से अपनी समस्याएँ रखीं।

### आपका सहयोग ही हमारी ताकत है

ग्रामीणों की बातें सुनने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याए ऐलीसेला ने उन्हें भरोसा दिलाया कि पुलिस उनके साथ है और किसी भी परिस्थिति में गांव की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य दमन नहीं, संवाद है। अब समय है कि हम मिलकर विकास का रास्ता अपनाएँ। गांव में अगर कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को जानकारी दे सकते है। आपकी एक जानकारी बड़ी वारदात को टाल सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सली अब कमजोर पड़ चुके हैं और जनता के सहयोग से उन्हें जड़ से समाप्त किया जा सकता है।

### हनुमान मंदिर की मरम्मत के लिए विधायक को ज्ञापन



**सरोना।** नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम जामगांव के ग्रामीणों ने अपने गांव के प्राचीन हनुमान मंदिर की मरम्मत के लिए विधायक को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि यह मंदिर उनकी आस्था और संस्कृति का प्रतीक है, लेकिन लंबे समय से उपेक्षित होने के कारण अब पूरी तरह जर्जर अवस्था में खड़ा है। मंदिर की दीवारों और छत में जगह-जगह दरारें आ चुकी हैं, जिससे पूजा-अर्चना करने में लोगों को डर लगने लगा है। शुक्रवार को यह अवसर उस समय बना, जब विधायक आशाराम नेताम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर के साथ ग्राम चारभांठा में आयोजित रामधुनी सम्मेलन में शामिल होने जा रहे थे। मार्ग में जामगांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को गांव के हनुमान मंदिर की खस्ताहाल स्थिति से अवगत कराया और इसके जीर्णोद्धार के लिए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मंदिर की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए विस्तार से जानकारी दी। ज्ञापन सौंपने के दौरान लोकेश सिंह, कोमल सिंह मरकाम, सरस उपाध्यक्ष, गौरव शोरी, विष्णु प्रसाद उपाध्याय, राजेश सुरोजिया, आजू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रामलीला में बेटियों ने प्रमुख पत्रों का अभिनय कर रचा इतिहास





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

दशहरा के पावन अवसर पर जिले के ग्राम बरकई में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक आयोजन देखने को मिला। जय शीतला मानस मंडली के तत्वावधान में आयोजित भव्य रावण दहन कार्यक्रम में इस वर्ष कुछ विशेष और अभूतपूर्व देखने को मिला। पूरे रामलीला मंचन में सभी प्रमुख पात्रों की भूमिकाएं बेटियों द्वारा निभाई गईं, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल छा गया।

कार्यक्रम में दुर्गानंदनी निषाद ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भूमिका को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से निभाया। उनकी बहन साधना निषाद ने वीर लक्ष्मण के रूप में दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं अन्नू निषाद ने रावण जैसे चुनौतीपूर्ण नकारात्मक किरदार को अपनी अदाकारी से जीवंत कर दिया। खुशबू टेकाम ने भक्त हनुमान के रूप में जोश और शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया, जबकि मोनिका निषाद ने न्यायप्रिय विभीषण और यमुना नाग ने पराक्रमी अंगद की भूमिका को पूरे आत्मविश्वास और प्रभाव के साथ प्रस्तुत किया। पूरे कार्यक्रम में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों और उपस्थित जनसमूह ने कलाकारों के अभिनय, संवाद अदायगी और मंच सज्जा की सराहना की। मंच पर बेटियों का नेतृत्व समाज के लिए नारी सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि बेटियाँ केवल घर की जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे धर्म, संस्कृति और परंपरा की रक्षा के हर मंच पर समान रूप से सक्षम हैं। कार्यक्रम के अंत में रावण दहन के साथ जैसे ही जय श्रीराम के नारों से वातावरण गूंज उठा, उपस्थित लोगों ने बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव पूरे उल्लास के साथ मनाया।

## धान की फसल पकी, कटाई की कगार पर बारिश, किसानों के लिए है घाटे का सौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



- क्षेत्र ज्यादातर किसान हरुना किस्म के धान की फसल ले रहे

विकासखंड दुर्गुकोंदल में इन दिनों लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम में अचानक हो रहे बदलाव और अत्यधिक वर्षा के कारण धान की खड़ी फसल पर संकट मंडराने लगा है। क्षेत्र के अधिकांश किसानों ने इस साल हारुण किस्म के धान की बोआई की थी, जो अब कटाई के लिए तैयार हो रही थी, लेकिन बारिश के कारण फसल को नुकसान का खतरा बढ़ गया है। इस बार दुर्गुकोंदल तहसील में अब तक 1717 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है, जो अपने आप में एक नया रिकॉर्ड माना जा रहा है। लगातार हो रही वर्षा से खेतों में पानी भर गया है और धान की फसल झुकने लगी है। विशेषज्ञों का कहना है कि पानी अधिक देर तक खेतों में भरा रहने से फसल सड़ सकती है, जिससे उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि इस समय मौसम खुलने की जरूरत है ताकि धान की कटाई का कार्य शुरू हो सके। यदि बारिश का सिलसिला यू ही जारी रहा तो खेतों में खड़ी फसल का भारी नुकसान होगा और किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाएगा। क्षेत्र के किसान प्रशासन और कृषि विभाग से मदद की उम्मीद लगाए बैठे हैं। किसानों का कहना है कि यदि बारिश से फसल खराब होती है तो मुआवजा और बीमा क्लेम की व्यवस्था तत्काल की जानी चाहिए। लगातार बारिश ने जहां किसानों की उम्मीदों को धूमिल किया है। इस बार की रिकॉर्ड वर्षा ने उनके माथे पर चिंता की गहरी लकीरें खींच दी हैं।

### कई गांव के किसान परेशान

लगातार बारिश से दमकसा, सिवनी, लोहतर, तरहुल, हाटकोदल सहित कई गांवों के किसान खासे चिंतित हैं। हारुण किस्म के धान पर बारिश का सबसे ज्यादा असर देखा जा रहा है, क्योंकि यह किस्म पानी और नमी के प्रति बेहद संवेदनशील होती है। स्थानीय किसानों ने बताया कि अभी फसल की कटाई में देरी से दाने काले पड़ सकते हैं और धान की गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है। इससे मंडी में कीमत कम मिलने का खतरा है।

### नुकसान की आशंका बढ़ी

विशेषज्ञों का कहना है कि अधिक वर्षा के चलते धान की बालियां झुकना और सड़ना जैसी समस्या भी दिख रही है। यदि आने वाले दिनों में मौसम साफ नहीं हुआ तो नुकसान और बढ़ सकता है।


## मूंगफली बीज फर्जीवाड़े की सभापति ने कलेक्टर से की शिकायत, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

कोयलीबेड़ा ब्लॉक में मूँगफली बीज वितरण कार्यक्रम में बड़े फर्जीवाड़े का गंभीर आरोप सामने आया है। कृषि स्थायी समिति के सभापति भजन बिस्वास ने वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कोयलीबेड़ा द्वारा टीआरएफए योजना के तहत वर्ष 2024-25 के बीज वितरण में अनियमितता का दावा करते हुए, इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर को सौंपते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग किया है।

सभापति ने अपने लिखित शिकायत आवेदन में चौंकाने वाला दावा किया है कि खंड स्तरीय अधिकारियों व विकासखंड कार्यालय ने खरीफ फसल 2024-25 के लिए किसानों को वास्तव में बीज वितरित किए बिना ही उसे केवल कागजों पर वितरित दर्शा दिया है। उनका आरोप है कि यह सरकारी योजनाओं के धन के दुरुपयोग और जरूरतमंद किसानों को उनके हक से वंचित करने का सीधा मामला है। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर को सौंपे गए पत्र में फर्जी वितरण दिखाए गए 14 किसानों के नाम, उनके पिता/पति के नाम और उनके निवास स्थान चिलपरस और कागबरस का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है। दावा किया है कि टिकेश, देऊराम, देवीराम, रामभरोसे, सुखराम, नरसिंह, माधव सहित इन सभी किसानों के नाम पर फर्जी तरीके से मूँगफली बीज का वितरण दिखाया गया है। अब यह देखना बाकी है कि जिला प्रशासन इस मामले की जांच किस दिशा में और कितनी गंभीरता से करता है, क्योंकि कृषि योजना में फर्जीवाड़ा का यह आरोप क्षेत्र के किसानों और जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा का मुख्य विषय बना हुआ है। सभापति ने कलेक्टर से इस गंभीर अनियमितता की तत्काल और निष्पक्ष जांच करवाने की अपील की है। जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

### वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने आरोपों को नकारा



*वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कोयलीबेड़ा नवलू राम नेताम ने सभापति के आरोपों को गलत बताया है। नवलू राम नेताम ने कहा है कि हमारे पास किसानों के फोटो सहित समस्त दस्तावेज मौजूद हैं, जो वितरण की पुष्टि करते हैं।*

## अजजा आयोग के सलाहकार ने जनप्रतिनिधियों से की चर्चा



**भानुप्रतापपुर।** अनुसूचित जनजाति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार एवं पूर्व न्यायाधीश प्रकाश कुमार उइके भानुप्रतापपुर प्रवास के दौरान रेस्टहाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। बैठक में आरक्षण, स्थानीय भर्ती, खनन से विस्थापन, पेसा अधिनियम, वनाधिकार कानून, शिक्षा, रोजगार और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने खनन से हो रहे संकट और धर्मांतरण पर चिंता जताई। उन्होने आश्वासन दिया कि सभी सुझाव आयोग एवं संबंधित विभागों तक पहुँचाए जाएंगे। आयोजित बैठक में किरण नरेटी, निखिल सिंह राठौर, कोमल हुपेंडी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ओपन स्कूल परीक्षा के लिए 8 तक मौका

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की 10 वीं एवं 12 वीं की मुख्य अवसर परीक्षा नवंबर 2025 में आयोजित होगी। इसके लिए आवेदन फॉर्म शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गुकोंदल के अध्ययन केंद्र से प्राप्त किए जा सकता हैं। प्राचार्य अजय नेताम ने बताया कि सामान्य शुल्क के साथ आवेदन की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर है, जबकि विलंब शुल्क के साथ 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक फॉर्म भरे जा सकेंगे।







